दिन– बुधवार दिनांक– 03/06/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – राज्य में पच्चीस चीनी मिले दो हजार तीस तक चालू हो जायेगी।

02. न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय को पटना उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया। पांच जून को पदभार ग्रहण करेंगी।

03. सहयोग शिविर के दौरान अब तक एक लाख उनसठ हजार से अधिक मामलों का हुआ निपटारा। पच्चीस सौ पदाधिकारियों को जारी किया गया नोटिस।

04. और, मौसम विभाग ने पटना सहित राज्य के कई जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य में पच्चीस चीनी मिले दो हजार तीस तक चालू हो जायेगी। मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने मुजफ्फरपुर जिले के मोतिपुर में आयोजित सहयोग शिविर को संबोधित करते हुये कहा कि अगले विधानसभा चुनवा में जब वोट मांगने आयेंगे तब इन मिलों मे काम शुरू हो जायेगा। मुख्यमंत्री ने सरकारी आवास पर कब्जा जमाये बैठे लोगों को इस जल्द खाली करने की चेतावनी भी दी है। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण विभाग आवास अधिकारिक तौर पर आवंटित लोगों को सौंपेगा । श्री चौधरी ने विपक्षी नेताओं पर सरकारी सम्पत्ति को निजी सम्पत्ति समझकर कब्जा जमाने का आरोप भी लगाया। उन्होंने का कि इसे हर हाल में खाली करना होगा।

–––साउंड बाईट–––

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय को पटना उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। न्यायमूर्ति राय बृहस्पतिवार को पटना उच्च न्यायलय के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू की सेवानिवृत्ति के बाद शुक्रवार से पदभार ग्रहण करेंगी। इससे पहले न्यायमूर्ति मीनाक्षी सिक्किम उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश थीं। वे पटना हाई कोर्ट की दूसरी महिला और अड़तालीसवीं मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण करेंगी। इधर, देश के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सर्वोच्च न्यायालय के पांच नए न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति शील नागू, श्री चंद्रशेखर, संजीव सचदेवा और अरुण पल्ली के साथ वरिष्ठ अधिवक्ता वी. मोहना ने

सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम की सिफारिश पर केंद्र द्वारा उनकी नियुक्ति को मंजूरी दिए जाने के बाद न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। गौरतलब है कि न्यायमूर्ति श्री चन्द्रशेखर मुजफ्फरपुर के चैनपुर गांव के रहने वाले हैं।

————————————————————

प्रदेशभर में आयोजित सहयोग शिविर के दौरान अब तक इक्यासी प्रतिशत मामलों का निष्पादन किया गया। राज्य सरकार के जारी आंकड़ों के अनुसार पंचायतों और नगर निकायों में दो हजार से अधिक स्थानों पर सहयोग शिविर लगाया गया। इस दौरान सहयोग पोर्टल पर दो लाख छह हजार नौ सौ अट्ठाईस आवेदन प्राप्त हुये। इनमें से एक लाख उनसठ हजार से अधिक शिकायतों को निष्पादन कर दिया गया है। शेखपुरा, कटिहार, पश्चिम चम्पारण, नालंदा, मुजफ्फरपुर, अररिया, सारण और सहरसा जिले में नब्बे प्रतिशम मामलों का निपटारा कर दिया। वहीं, पच्चीस सौ पदाधिकारियों को दस दिनों के भीतर मामले के निष्पादन नहीं करने के आरोप में कारण बतायो नोटिस दिया गया है। गौरतलब है कि राज्य सरकार के संकल्प सबका सम्मान जीवन आसान के तहत उन्नीस मई से प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद नितिन नवीन आज दो दिवसीय बिहार दौरे पर आ रहे हैं। विधान परिषद की नौ सीटों पर होने वाले चुनाव और बांकीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर श्री नवीन आज पटना में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करेंगे। पार्टी सूत्रों ने बताया है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नवीन बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर पटना में क्षेत्र के सभी मंडल, अध्यक्षों और पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ विचार–विमर्श करेंगे। गौरतलब है कि राज्यसभा सांसद बनने के बाद श्री नवीन ने बांकीपुर के विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था।

————————————————————

राज्य में इस वर्ष रबी मौसम में फसल क्षति के लिए जल्द ही दो लाख किसनों को मुआवजा दिया जायेगा। आपदा प्रबंधन विभाग ने कृषि विभाग को किसानों की फसल क्षतिपूर्ति के लिए दो सौ करोड़ रूपये आवंटित किया है। रबी मौसम में आंधी–तूफान, ओलावृष्टि और बारिश से प्रदेश के तेरह जिलों में गेहूँ, चना, मसूर, मक्का, फल और सब्जी की क्षतिपूर्ती के लिए किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि दी जायेगी।

———————————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने भ्रष्टाचार और अनियमितता के मामले में आठ अंचलाधिकारियों और राजस्व अधिकारियों पर कार्रवाई की है। राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने विभागीय संचिका पर मंजूरी देते हुये कहा किभ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी। गौरतलब है कि बीते एक सप्ताह के दौरान विभाग ने तेईस अधिकारियों पर कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि अंचताधिकारियों को शपथ पत्र देकर बताया होगा कि उनके क्षेत्र में कोई भी भूमिहीन परिवार नहीं है। श्री जायसवाल ने पटना में समीक्षात्मक बैठक में जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी आवेदन को अस्वीकृत करने से संबंधित आवेदक से पहले संवाद करें। उन्होंने दाखिल—खारिज, परिमार्जन, ई—मापी सहित आम जन से जुड़े सभी राजस्व मामलों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

———————————————————————————

प्रदेश के विश्वविद्यालयों में पीएचडी में नामांकन के लिए होने वाली परीक्षा पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गयी है। यूजीसी की अधिसूचना के अनुसार अब राज्य का कोई भी विश्वविद्यालय पीएचडी प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं करेगा। इसके बदले यूजीसी नेट स्कोर को ही प्रवेश का आधार बनाया जायेगा। इस संबंध में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया कि पीएचडी में नामांकन की प्रक्रिया पूरी तरह बदल गयी है। सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को भेजे गये पत्र में कहा गया है कि यूजीसी की अधिसूचना और कुलाधिपति के निर्देशों के अनुरूप यह निर्णय लिया गया है।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास सिद्धांत के अंतर्गत देश में पिछले बारह वर्ष में उल्लेखनीय बदलाव आया है। इस दौरान मोदी सरकार ने निर्धनों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल शुरू की हैं। आकाशवाणी समाचार पिछले बारह वर्ष में प्रमुख क्षेत्र में सरकार के प्रयासों पर विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज चर्चा मध्यम वर्ग के कल्याण के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की।

———रिपोट———

केंद्र सरकार ने पिछले बारह वर्षों में विभिन्न योजनाओं और सुधारों के माध्यम से मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त बनाया है। सरल कर व्यवस्था, बेहतर बैंकिंग, बीमा और पेंशन जैसी सुविधाओं ने मध्यम वर्ग की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित की है। नई कर व्यवस्था के तहत सालाना बारह लाख रुपये तक कमाने वाले लोगों को कोई आयकर नहीं देना पड़ता है। वहीं जीएसटी ने भी कर व्यवस्था को सरल बनाकर और रोजमर्रा की चीजों की लागत

कम करके मध्यम वर्ग को राहत पहुंचाया है। वहीं आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत तैंतालीस करोड़ बावन लाख स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जिससे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है। इसके अलावा प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अंतर्गत जन औषधि केंद्रों के माध्यम से लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयां मिल रही है, जो बाजार से पचास से अस्सी प्रतिशत सस्ती दरों पर उपलब्ध है। बिहार के रहने वाले ब्रह्मदेव ने बताया कि इन केंद्रों पर दवाइयां बहुत कम कीमत पर मिलती है। लगभग एक साल से यहां से दवाई ले रहा हूं। सस्ती दवाएं मिलती है और डॉक्टर का विश्वास है कि यही से दवाई खाइये। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

————————————————————

ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में दो श्रेणियों में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। ग्रामीण विकास मंत्री राजीव रंजन सिंह देश भर की बियालीस उत्कृष्ट पंचायतों को ग्रामीण विकास, सुशासन, जनभागीदारी, स्वच्छता, डिजिटल सेवाओं तथा सतत विकास लक्ष्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सम्मानित करेंगे। बिहार की भी कई पंचायतों को सम्मानित किया जायेगा।

————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, एनटीए ने तकनीकी गड़बड़ी होने के कारण तीस मई को प्रभावित सीयूईटी यूजी दो हजार छब्बीस परीक्षा का दोबार आयोजन करने का निर्णय लिया है। पुनर्परीक्षा छह और सात जून को आयोजित होगी। एनटीए ने प्रभावित अभ्यर्थियों के लिए संशोध्ति प्रवेश पत्र जारी कर दिया है।

————————————————————

राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश में मौमस शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग ने पटना सहित राज्य के कई जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया। विभाग ने कहा है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की सम्भावना है।

———साउंड बाईट———

————————————————————

पटना जिले के कदमकुंआ थानाक्षेत्र अंतर्गत खान कोचिंग संस्थान में बीती रात गोलीबारी, तोड फोड़ और मारपीट मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। वरीय पुलिस अधिक्षक कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज से फायरिंग की पुष्टी नहीं हुई है। खान सर ने अपने संस्थान पर आठ से दस राउंड फायरिंग किये जाने का आरोप लगाया है।

————————————————————

रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम के नवरत्न बाजार में एक युवक की गोली मारकर हत्या मामले में त्वरित कार्रवाई कर पुलिस ने मुख्य आरोपी टिंकू सोनी उर्फ

अजय सोनी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

———————————————————————

अररिया जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर पुलिस ने छह अपराधियो को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से पैंतीस किलो गांजा और 36 लीटर नेपाली शराब बरामद किया गया है।

———————————————————————

औरंगाबाद जिले के नबीनगर स्थित एनटीपीसी सुपर थर्मल पावर परियोजना के बालिका विकास के लिए बालिका सशक्तिकरण अभियान शुरु हो गया है। सीआईएसएफ के महानिरीक्षक प्रबोध चंद्र, एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक एल के बेहेरा और अन्य ने इसका शुभारभ किया।

———————————————————————

राज्य सरकार प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सीधी नौकरी देगी। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार ओलंपिक से लेकर राष्ट्रीय खेल के पदक विजेताओं को अब बिना किसी परीक्षा के सीधे नौकरी दी जायेगी। खिलाड़ियों के मेडल के हिसाब से उनके पद तय होंगे।

———————————————————————

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने आगामी सत्र दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के लिए चयनकर्ता और सहयोगी स्टाफ के पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन मांगा है। जारी विज्ञान के अनुसार पुरूष सीनियर चयन समिति, जूनियर क्रिकेट समिति और महिला चयन समिति के लिए चयन कर्ताओं की नियुक्ति की जायेगी। इसके अलावा मुख्य कोच, बल्लेबाजी कोच, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच सहित कई सहयोगी स्टाफ पदों पर भी आवेदन मांगे गये हैं।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– सीबीएसई की ऑन स्क्रीन– मार्किंग मामले में केन्द्र सरकार ने की बड़ी कार्रवाई। अखबार लिखता है–सीबीएसई चेयरमैन और सचिव हटाये गये।

दैनिक जागरण लिखता है– प्रदेश के मदरसों की जांच के लिए हर प्रखंड में बनेगी तीन सदस्यी कमिटी।

दैनिक भास्कर का मुख्य खबर है– बिहार का गंगा पथ, तीन नये एक्सप्रेस–वे से दिल्ली–लखनउ की राह आसान।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – राज्य में पच्चीस चीनी मिले दो हजार तीस तक चालू हो जायेगी।

02. न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय को पटना उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया। पांच जून को पदभार ग्रहण करेंगी।

03. सहयोग शिविर के दौरान अब तक एक लाख उनसठ हजार से अधिक मामलों का हुआ निपटारा। पच्चीस सौ पदाधिकारियों को जारी किया गया नोटिस।

04. और, मौसम विभाग ने पटना सहित राज्य के कई जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।